Regarding setting up of Sports Complex in tribe dominated region to nurture and promote sports skill among them

श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान (रतलाम): सभापति महोदया आपका धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का समय दिया । माननीय प्रधान मंत्री जी एवं माननीय खेल मंत्री जी के माध्यम से हर लोक सभा क्षेत्र में खेल को प्रोत साहित करने के लिए खेल क्षेत्र में खेलों को खेलने वाले भाई-बहन आगे बढ़ें, इसके लिए सांसद खेल महोत्सव चल रहा है ।

माननीय सभापति महोदया, मेरा लोक सभा क्षेत्र पूरा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है । मेरे लोक सभा क्षेत्र में भाई-बहन बहुत अच्छे निशानेबाज हैं । इनके खेल को प्रोत्साहित करने और बेहतर प्रशिक्षण के लिए मैं भारतीय खेल प्राधिकरण का केन्द्र मेरे लोक सभा क्षेत्र में खोलने की मांग करती हूँ । धन्यवाद ।

<u>13.00 hrs</u>